(1)

कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कुशीनगर।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 15385/2022/एडमिन. जी–1/इलाहाबाद दिनांकित 30.11.2022, पत्रांक संख्या 15907/2022/एडमिन. जी–1 सेक्शन/ इलाहाबाद, दिनांकित 12 दिसम्बर 2022 एवँ परिपत्र सं014/एडमिन.'डी' सेक्शन, दिनांकित 15.10.2022 के प्रकाश में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कुशीनगर में विभिन्न शर्तो एवँ प्रतिबन्धों के अर्न्तगत सेवानिवृत्त जिला न्यायालय कर्मियों की पुनर्नियुक्ति की जानी है।

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कुशीनगर में रिक्त चल रहे **आशु लिपिक** के पद पर, जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मी की पुनर्नियुक्ति की जानी है, जिसने जनपद न्यायालय में आशु लिपिक का कार्य किया हो तथा जिसे सिविल न्यायालय में कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा हो। पूर्व में किसी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में, आशु लिपिक के पद पर, कार्य कर चुके सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी प्राथमिकता दी जायेगी।

अतः उपरोक्त परिपत्रों के अर्न्तगत, उक्त पद पर पुनर्नियुक्ति हेतु जिला न्यायालय कर्मियों से सेवानिवृत्त सक्षम एवं सभी अर्हताऐं रखने वाले कर्मियों से, निम्न शर्तो एवँ प्रतिबन्धों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

शर्ते एवँ प्रतिबन्ध–

1- पुनर्नियुक्ति के दिनांक को सेवानिवृत्त कर्मी की आयु **65 वर्ष** से अनधिक होनी चाहिये।

2- यह पुनर्नियुक्ति, नियुक्ति की तिथि से 01 वर्ष के लिए अथवा पदोन्नति या सीधी भर्ती से उक्त उपलब्ध रिक्तियों के भरे जाने तक अथवा पुनर्नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मी के 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने, जो पहले हो, तक के लिए की जाएगी।

3- माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पुनर्नियुक्त कर्मी को परिलब्धियों के रूप में, अन्तिम आहरित वेतन से पेंशन की धनराशि घटाकर शेष प्रदान की जाएगी। अतएव आवेदक सेवानिवृत्त, कर्मी अपने आवेदन पत्र के साथ पेंशन प्राधिकार–पत्र/पी.पी.ओ. की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करेंगे।

4- यह पुनर्नियुक्ति, सेवानिवृत्त कर्मी के पूर्व कार्यवृत्त अभिलेख एवँ चरित्र–पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर की जाएगी। अतएव जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त आवेदक/सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पूर्ववर्ती 05 वर्षो में चरित्र–पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करेंगें।

5- इस पुनर्नियुक्ति हेतु, सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ इस आशय का नोटरी शपथ–पत्र कि उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद लम्बित नहीं है और न ही कभी उन्हें किसी आपराधिक मामले में दण्डित अथवा दोषमुक्त किया गया है, संलग्न करेंगे।

6- इस पुनर्नियुक्ति हेतु सेवानिवृत्त कर्मी अपना आवेदन–पत्र, निर्धारित प्रारूप पर दिनांक **20.02.2025** के सायंकाल **04.00** बजे तक कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कुशीनगर को प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवँ समय के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

7- इस पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया अथवा पुनर्नियुक्ति पर अन्तिम निर्णय का अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी/पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कुशीनगर को होगा।

(नोटः– माह जनवरी–फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले न्यायालय कर्मी भी आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।)

इस विज्ञप्ति को सूचनार्थ जिला न्यायालय, कुशीनगर स्थान पडरौना एवँ बाह्य न्यायालय, कसया के सूचना–पट्ट तथा मो0दु0दा0 अधिकरण के सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाय।

Anurodh 28/01/25

(अनुरोध मिश्र)
पीठासीन अधिकारी,
नियुक्ति प्राधिकारी/मोटर दुर्घटना दावा
अधिकरण, कुशीनगर, स्थान–पडरौना।

दिनांक/कुशीनगर
28 जनवरी, 2025

पीठासीन अधिकारी
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
कुशीनगर

आवेदन का प्रारूप

पासपोर्ट साइज का
स्वहस्ताक्षरित नवीनतम
फोटोग्राफ चस्पा करें

.... पद हेतु आवेदन पत्र

1- आवेदक का नाम :

2- पिता का नाम :

3- जन्मतिथि :

4- आवेदन के दिनांक को आयु :

5- अन्तिम धारित पद एवॅ वेतनमान :

6- सेवानिवृत्ति का दिनांक :
(पेंशन प्राधिकार–पत्र/पी.पी.ओ. की
स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें)

7- स्थाई पता :

8- पत्राचार का पता :

9- ई–मेल आई.डी. :

10- मोबाइल नम्बर :

11- जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त :
आवेदक की पूर्ववर्ती 05 वर्षो की वार्षिक
गोपनीय प्रविष्टि का विवरण
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें)

12- क्या किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल :
टिप्पणी की गई है? यदि हॉ, तो विवरण
(नोटरी शपथ–पत्र संलग्न करें)

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांकः

घोषणा–पत्र

मैं प्रमाणित करता हूॅ कि वर्तमान में मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ और दिये जाने वाले राजकीय कार्य को करने में सक्षम हूॅ। मैनें आवेदन सम्बंधी सभी शर्तो एवॅ प्रतिबन्धों का अवलोकन कर लिया है, जो मुझे स्वीकार है। आवेदन में अंकित समस्त विवरण तथा संलग्नक सही एवॅ सत्य हैं तथा मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि कोई सूचना गलत या झूंठी पाई जाती है, तो उसका पूर्ण दायित्व मेरा होगा और इस सम्बंध में मेरे विरूद्ध की गई कोई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांकः